संक्षिप्त समाचार

घने कोहरे के चलते चार वाहन आपस में टकराए, दो घायल

अलवर। राजस्थान के अलवर में दिल्ली जयपुर नेशनल राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित दहमी गांव के पास सड़क पर ज्यादा कोहरा होने चलते चार वाहनों के आपस में टकराने के बाद राजमार्ग पर चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उनका इलाज जारी है वहीं चार वाहनों के टकराने के बाद हाइवे पर जाम लगने के चलते अन्य वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगने और वाहनों के टकराने की सूचना मिलते ही बहरोड़ थाना पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग गस्त मौके पर पहुंची और क्रेन मंगाकर हाइवे पर भिड़े वाहनों को पुलिस ने सड़क से हटाकर एक साइड कराया और हाइवे पर लगा हुए लंबा जाम को खुलवाया गया और यातायात शुरू कराया गया। हाईवे पेट्रोलिंग गस्त इंचार्ज रामफल ने बताया की बीती रात दहमी गांव के समीप हाइवे पर बहुत ज्यादा सड़क पर कोहरा था और रात से लेकर सुबह तक सड़को पर दूर दूर तक कुछ नहीं दिख रहा था और हाइवे पर वाहन चालकों ने अपने वाहनों को धीमी गति से निकाला लेकिन अचानक मोबाइल के जरिए सूचना मिली की बहरोड हाइवे के समीप दहमी गांव के पास ट्रक, केन्द्रा एवं दों कार आपस में टकरा गए है और वाहनों में काफी नुकसान भी हुआ है।

राजकियावास-बोमादरा रेलखंड के बीच अवरुद्ध मार्ग हुआ बहाल

जयपुर। राजस्थान के पाली के पास बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के जोधपुर मंडल के राजकियावास-बोमादरा रेलखंड के मध्य पटरी से उतर जाने के बाद अवरुद्ध हुए रेल मार्ग को दुरुस्त कर रेल यातायात शुरू कर दिया गया है। रेलवे आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गाड़ी संख्या 12480 बांद्रा टर्मिनस -जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस जोधपुर मंडल के राजकियावास - बोमादरा रेलखंड के मध्य सोमवार तड़के रेल अवपथन के बाद रेलवे प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य करके सोमवार देर रात दस बजकर पांच मिनट पर दुरुस्त कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद लाइट इंजन नंबर 12839 चलाकर ट्रैक का ट्रायल किया गया है और इसके बाद एक मालगाड़ी बोमादरा से देर रात सवा ग्यारह बजे रवाना होकर घटनास्थल से गुजरते हुए पौने बारह बजे राजकियावास पहुंची। उल्लेखनीय है कि सोमवार तड़के बांद्रा टर्मिनस- जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस रेलगाड़ी के तेरह डिब्बे पटरी से उतर जाने से यह मार्ग अवरुद्ध हो गया था।

इन्दिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान योजना में आवेदन आमंत्रित

उदयपुर। राजस्थान सरकार द्वारा आगामी आठ मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इन्दिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान योजनान्तर्गत विभिन्न श्रेणियों में राज्य एवं जिला स्तर पर पुरस्कार एवं सम्मान के लिए 10 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गये है। महिला अधिकारिता उप निदेशक संजय जोशी ने बताया कि इसके तहत व्यक्तिगत श्रेणी, संस्थागत श्रेणी, दानदाता, सीएसआर, महिला एवं बाल विकास कर्मियों की श्रेणी साथिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, सहायिका व उड़ान योजनान्तर्गत माहवारी स्वास्थ्य एवं प्रबंधन जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था, एनजीओ. उड़ान योजनान्तर्गत सेनेटरी नैपकिन उत्पादन में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ एसएचजी आदि को सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर आवेदन करने वाले इच्छुक व्यक्ति या संस्था अपना आवेदन इंस्पाअवार्डस2023 एटदीरेट जीमेल डॉट कॉम पर तथा जिला स्तर पर आवेदन करने वाले इच्छुक व्यक्ति या संस्था अपना आवेदन महिला अधिकारिता विभाग के जिला कार्यालय में 10 जनवरी तक प्रेषित कर सकते हैं।

विधायकों के इस्तीफे वापस लेना पार्टी का आतंरिक मामला : जाटव

जयपुर। राजस्थान के सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजन लाल जाटव ने गत 25 सितंबर को कांग्रेस एवं उसके समर्थित विधायकों के सामूहिक इस्तीफे देने के तीन महीने बाद हाल में इस्तीफे वापस लेने को इसे पार्टी का आंतरिक मामला बताया है। श्री जाटव ने राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड मुख्यालय परिसर में सोलर प्लांट, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, फास्ट टैग कमाण्ड सेंटर एनएबीएल अनुमोदित गुण नियंत्रण प्रयोगशाला के लोकार्पण के बाद मीडिया से बातचीत में सवाल के जवाब कहा कि यह हमारा आंतरिक मामला है। जिस मांग पर विधायकों ने सामूहिक इस्तीफा दिया, क्या वह मांग पूरी हो गई और इस कारण इस्तीफे वापस लिये जा रहे है के सवाल पर श्री जाटव ने इसे पार्टी का आंतरिक मामला बताते हुए कहा कि सामूहिक रुप से कोई फैसला हुआ, तभी तो इस्तीफे वापस हुए हैं। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के बयान इस्तीफे पर फैसला करने का अधिकार विधानसभा अध्यक्ष को होता है और उसे वापस नहीं लिया जा सकता को लेकर किए गए सवाल पर श्री जाटव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता नेतागिरी चमकाने के लिए ऐसा कर रहे हैं जबकि उनके आपसे में ही तालमेल नहीं है।

राजराजेश्वर महादेव अब महाकाल के रूप में देंगे दर्शन

डीडवाना। नागौर जिले के डीडवाना में कोट मोहल्ला स्थित राजराजेश्वर महादेव मंदिर में अब भोलेनाथ महाकाल के रूप से दर्शन देंगे। महाकाल के श्रीमुख का अनावरण विशिष्ट पूजा अर्चना से किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित महेश व्यास ने बताया कि महाकाल का यह श्रीमुख उज्जैन के कलाकारों ने विशेष रूप से तैयार किया है। सभी भक्तजनों के सहयोग से श्रीमुख रवि डीडवाना पहुंचा था। इसके बाद भगवान भोलेनाथ के श्रीमुख का विधि विधान से अनावरण किया गया। मंदिर में भोलेनाथ का मंत्रोच्चार के साथ दुग्धाभिषेक किया गया। इस दौरान उनका विशेष श्रृंगार किया गया तत्पश्चात महाआरती की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। महाआरती के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आपको बता दे कि दिन प्रतिदिन मंदिर में भक्तों की आस्था बढ़ती जा रही है और विविध धार्मिक आयोजनों का सिलसिला निरंतर जारी है। आपको बता दे कि राजराजेश्वर महादेव मंदिर शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में से एक है।

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने सुने छात्राओं के अभाव अभियोग

जयपुर/एजेंसी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेहाना रियाज ने राजस्थान विश्वविद्यालय में महिला छात्राओं को हॉस्टल प्रवेश में आ रहीं समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश उच्च अधिकारियों को दिये। महिला आयोग अध्यक्ष सोमवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्राओं को हॉस्टल प्रवेश में आ रहीं समस्याओं के समाधान के संदर्भ में विश्वविद्यालय के दौरे पर थीं। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा मौक़े पर दिये मौखिक आदेश पर तुरंत कार्यवाही करते हुए कुलपति द्वारा छात्राओं को 16 जनवरी 2023 तक छात्रावास में रहने की अनुमति प्रदान की गई। छात्राओं ने बताया कि उनकी जायज मांगे लंबे समय से लंबित है, इस पर अध्यक्ष ने कुलपति से जवाब मांगा।

राज्य में छाया घना कोहरा, माइनस में तापमान

तीन दिन कड़ाके की सर्दी का अलर्ट, नहीं खत्म होगी धुंध, शीतलहर भी करेगी परेशान

जयपुर/एजेंसी।

जयपुर समेत पूरा उत्तरी-पूर्वी राजस्थान आज घने कोहरे की चपेट में है। जयपुर में कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। सर्द हवा के कारण फतेहपुर, माउंट आबू, चूरू के खुले इलाकों में बर्फ जम गई। चूरू में आज सीजन की सबसे सर्द रात रही, जहां पहली बार पारा माइनस में दर्ज हुआ। कोहरे का सबसे ज्यादा असर जयपुर, अलवर, दौसा, भरतपुर के अलावा गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं एरिया में रहा। एक साथ तीन शहरों चूरू, फतेहपुर और माउंट आबू में पारा माइनस में पहुंचा। मौसम केन्द्र जयपुर ने आगामी 3 दिन के लिए तेज कड़ाके की सर्दी की चेतावनी जारी करते हुए जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां 4 जनवरी तक घना कोहरा पड़ने, जबकि 6 जनवरी तक तेज कोल्ड-वेव (शीत लहर) चलने और फसलों में पाला पड़ने की आशंका जताई है। मौसम की स्थिति देखें तो जयपुर, अलवर के ग्रामीण इलाकों में तो कोहरे के कारण विजिबिलिटी 10 मीटर तक ही रही यानी इससे ज्यादा दूरी पर खड़ा व्यक्ति या रखी कोई वस्तु दिखाई तक नहीं दे रही थी। कोहरे के कारण जयपुर से दिल्ली, सीकर, टोंक, आगरा और अजमेर बाइपास पर गाड़ियों की आवाजाही भी प्रभावित रही और धीमी गति से गाड़ियां चली।

जयपुर एयरपोर्ट पर भी सुबह कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर ही रही, जिसके कारण फ्लाइट्स भी प्रभावित हुई। चूरू में इस सीजन में पहली बार पारा माइनस में गया है। आज यहां न्यूनतम तापमान-0.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे एक दिन पहले चूरू में तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस था। सीकर के फतेहपुर में आज पारा माइनस दर्ज हुआ, जिसके चलते यहां खेतों में बर्फ जम गई। कार, गाड़ियों की सीटों पर ओंस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो गई। यही स्थिति हिल स्टेशन माउंट आबू में रही। यहां भी आज दूसरे दिन पारा जमाव बिंदु से नीचे दर्ज हुआ। इस कारण यहां आज भी सुबह से मैदानों में बर्फ जमी हुई है। कोहरे का असर आज जयपुर एयरपोर्ट पर देखने को मिला। यहां से सुबह मुंबई, दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली 4 फ्लाइट्स को कम विजिबिलिटी के कारण रोका गया है। इसके अलावा 2 इंटरनेशनल फ्लाइट भी एप्रिन पर खड़ी हैं, जो उड़ान भरने के इंतजार में है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक इन सभी फ्लाइट्स को 11 बजे बाद कोहरा हल्का पड़ने पर भेजा जाएगा।

जी-20 की सभी बैठकों के लिए रहेगा राज्य सरकार का पूरा सहयोग : गहलोत

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से केन्द्रीय श्रम एंव रोजगार सचिव श्रीमती आरती आहूजा ने सोमवार शाम मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। केन्द्रीय सचिव ने मुख्यमंत्री से प्रदेश के जोधपुर में 2 से 4 फरवरी तक आयोजित होने जा रही जी-20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में राज्य सरकार के सहयोग के संबंध में चर्चा की। श्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में आयोजित होने वाली जी-20 की सभी बैठकों के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा। उदयपुर में जी-20 की शेरपा बैठक के आयोजन की विश्व भर में सराहना हुई है। उन्होंने अधिकारियों को जी-20 रोजगार कार्य समूह की बैठक के दौरान उत्कृष्ट प्रबंधन के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा, पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

सालासर बालाजी धाम में देंगे सवा करोड़ आहुति

125 टन लकड़ी से 1.25 लाख वर्ग फीट में बन रही यज्ञशाला, 31 टन घी से होगा हवन

चूरू/एजेंसी।

सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में सर्वधर्म के लिए 12 से 20 जनवरी तक 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ होगा। इसमें भारत के अलावा विदेशों तक के 1008 जोड़े आहुति देकर महायज्ञ के साक्षी बनेंगे। आयोजन से जुड़े रविशंकर पुजारी का दावा है कि ऐसा आयोजन दुनिया में पहली बार हो रहा है। हनुमानजी के लिए सवा करोड़ आहुति एक यज्ञ में दी जाएगी। पीओके को वापस भारत में शामिल करवाना भी इस आयोजन का उद्देश्य है। पद्म विभूषण श्रीचित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम होगा। अष्टोत्तर सहस्त्र 1008 कुंडीय, हनुमन महायज्ञ व श्रीराम कथा में देशभर के नामी संत व राजनेता आएंगे। प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को भी निमंत्रण दिया गया है। स्वामी रामभद्राचार्य महाराज का 14 जनवरी को 74वां जन्मदिन भी है। यज्ञ के लिए सवा लाख स्क्वायर फीट में ही यज्ञशाला व इतनी ही जगह में श्रीराम कथा का पांडाल बनाया जा रहा है। संतों के रहने व पंडितों सहित यजमानों के लिए धर्मशालाएं बुक करवाई हैं। रविशंकर पुजारी ने बताया कि हनुमान वाटिका बालाजी गोशाला संस्थान सुजानगढ़ रोड पर होने वाले महायज्ञ के लिए दो महीने से यज्ञशाला बनाई जा रही है। 100 कारीगर इसे बनाने में जुटे हैं। सवा सौ टन बल्ली, बांस व सिरकी की लकड़ी से यज्ञशाला बन रही है। पुष्कर और जयपुर से फूल मंगवाए जाएंगे। सुगंधित हवन सामग्री कानपुर व इंदौर से मंगवाई है। 31 टन घी लगेगा। 250 टन खेजड़ी की लकड़ी हवन के लिए मंगवाई है। सत्यप्रकाश पुजारी ने बताया कि वृंदावन, अयोध्या, बनारस, मथुरा व राजस्थान के करीब 2000 पंडित यज्ञ करवाएंगे। यज्ञाचार्य डॉ. बालकृष्ठ कौशिक धर्माचार्य होंगे। यज्ञसम्राट बालिक योगेश्वरदास बद्रीनाथ धाम, आचार्य श्री रामचंद्र दास, बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, रामदेव बाबा सहित कई बड़े संत आएंगे। सवा लाख पाठ गणपति जप, सवा लाख गायत्री जप, हनुमान बाहुक के 1100 व 500 पाठ सुंदरकांड के भी होंगे। श्रीराम कथा का नाम हनुमत कथा मंडपम दिया है। आयोजन समिति के विवेक उपाध्याय ने बताया कि भारत सहित कनाडा, यूएस, इटली, मॉरीशस सहित विदेशों में रहने वाले प्रवासी भी यज्ञ में बैठेंगे।

राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की पांचवी बैठक आयोजित

जयपुर/एजेंसी। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री हेमाराम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की पांचवी बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री चौधरी ने आर्द्रभूमि को संरक्षित रखने के लिए अधिकारियों को प्रतिबद्धता के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। शासन सचिवालय स्थित कान्फ्रेन्स हॉल में हुई बैठक में 20 जिलों में स्थित 50 आर्द्रभूमियों को अधिसूचित करने की अनुमति प्रदान की गई तथा आगामी समय में इनकी संख्या बढाकर 100 से अधिक किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वहीं भारतीय रेलवे द्वारा सांभर क्षेत्र में प्रस्तावित डेडिकेटेड टेस्टिंग ट्रेक के लिए 28.04 हैक्टर में कार्य कराने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार की अनुमति के लिए भेजने का निर्णय भी लिया गया। बैठक के प्रारम्भ में श्री चौधरी ने पर्यावरण विभाग द्वारा की गई राज्य पर्यावरण योजना का विमोचन किया। राज्य पर्यावरण योजना के तहत विभिन्न अपशिष्ट प्रबंधन, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, वन प्रबंधन, औद्योगिक प्रदूषण, आर्द्र भूमि प्रबंधन, ध्वनि प्रदूषण, खनन द्वारा प्रदूषण, ग्रामीण अपशिष्ट प्रबंधन इत्यादि के सम्बन्ध में कार्ययोजना क्रियान्वित की जाएगी।

बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास विभाग श्री अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग श्री शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग श्री कुंजीलाल मीणा, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग डॉ. जोगाराम सहित संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्थान में कड़ाके की ठंड जारी, फतेहपुर सीकर और चूरू में पारा शून्य से नीचे लुढ़का

जयपुर/एजेंसी। राजस्थान के कई इलाकों में घने कोहरे के साथ कड़ाके की सर्दी का दौर बुधवार को भी जारी रहा। राज्य में मंगलवार रात फतेहपुर सीकर और चूरू में पारा शून्य से नीचे लुढ़क गया। मौसम विभाग के अनुसार, बीती रात फतेहपुर सीकर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.7 डिग्री नीचे, जबकि चूरू में शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वहीं, अंता में न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री, भीलवाड़ा में 1.8 डिग्री, सीकर में 2.0 डिग्री, करौली में 2.2 डिग्री, पिलानी में 2.7 डिग्री, बूंदी में 3.4 डिग्री, धौलपुर में 3.6 डिग्री और बीकानेर में 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा।मौसम विभाग के अनुसार, बीती रात फतेहपुर सीकर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.7 डिग्री नीचे, जबकि चूरू में शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वहीं, अंता में न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री, भीलवाड़ा में 1.8 डिग्री, सीकर में 2.0 डिग्री, करौली में 2.2 डिग्री, पिलानी में 2.7 डिग्री, बूंदी में 3.4 डिग्री, धौलपुर में 3.6 डिग्री और बीकानेर में 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिल्ली-मुंबई से सुबह आने वाली फ्लाइट्स भी आज समय पर नहीं पहुंची। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक कोहरे के कारण आज 8 से ज्यादा फ्लाइट्स का संचालन प्रभावित हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर ने 4 जनवरी तक राजस्थान के कई हिस्सों में घना कोहरा पड़ने

की चेतावनी जारी की है। इन सभी जिलों में मौसम विभाग ने 6 जनवरी तक शीत लहर चलने की चेतावनी जारी करते हुए इन एरिया में खड़ी रबी की फसलों में पाला पड़ने की आशंका जताई है। इसे देखते हुए विशेषज्ञों ने किसानों को सुबह-शाम फसलों में सिंचाई की सलाह दी है, ताकि सरसों और गेहूं की फसलों को पाला पड़ने से बचाया जा सके। मौसम केंद्र के मुताबिक, बुधवार सुबह बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। राजधानी जयपुर में बीते 24 घंटे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 17.7 और 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं और करौली सहित कई जिलों में शीतलहर का प्रकोप जारी रहने की संभावना के मद्देनजर 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

Rajasthan State Road Development And Constrution Corporation Ltd, Jaipur

निविदा सूचना/2022-23

निम्नलिखित कार्यो के लिये केन्द्र/ राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.)	निविदा सूचना संख्या
Temporary Lighting for inauguration ceremony of Bldgs. UBN: RRC2223WSOB01033	04.90 Lakh	4 83 / 22-23
Supply of Plants in New Bldg. at Raj. High Court, Jodhpur. UBN: RRC2223WSOB01030	0 1.00 Lakh	4 84 / 22-23
Electrification Newly Indoor Hall at Bihani Stadium, Nohar. UBN: RRC2223WSOB01032	07.65 Lakh	ई-4 87/ 22-23
Addl. Work of SCJ cum ACJM Court at Weir (Bharatpur). UBN: RRC2223WSOB01031	04.87 Lakh	4 88/ 22-23

निविदा प्रपत्र,शुल्क, धरोहर राशि,निविदा बेचने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाइट **http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc** एवं **http://sppp. rajasthan.nic.in** पर उपलब्ध है। ई- निविदा हेतु संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट **http:// eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

No.NIT/ 2022-23/ 24150- 63 **Date : 03.01.2023**

अधिवक्ता के साथ दुर्व्यहार और मारपीट का मामला, कहा-राजीनामा के लिए बनाया दबाव

डीडवाना/एजेंसी। डीडवाना में स्थानीय बार संघ के द्वारा जिला कलक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि 2 जनवरी को चूरू महिला थाना अधिकारी, सुखराम चोटिया द्वारा अधिवक्ता गौरव औझा के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया गया। अभद्र गालियां दी गईं। जिसकी शिकायत बार संघ चूरू में की गई। बार संघ चूरू के सदस्यों के सहयोग से एस.पी. चूरू के मार्फत एफ.आई.आर. दर्ज की गई, जबकि पूर्व में पीड़ित अधिवक्ता गौरव औझा द्वारा एफ. आई. आर. देने पर एफ. आई. आर. लेने व दर्ज करने से मना कर दिया। साथ ही पीड़ित अधिकवक्ता को धमकाना शुरू कर दिया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि महिला थाना के एक रीडर राजु साहरण ने पीड़ित अधिवक्ता को कहा कि चुपचाप राजीनामा कर लो अन्यथा तुम्हारे खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज करवा कर तुम्हें जेल में डलवा देंगे। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि महिला थाना

अधिकारी की तरफ से भी एक झुठा मुकदमा अधिवक्ता गौरव ओझा के विरूद्ध दर्ज किया गया। उक्त घटना के विरोध में बार संघ डीडवाना में गहरा आक्रोश है। शहर बार संघ द्वारा इसके विरोध में न्यायिक कार्यों से दूर रहते हुए थानाधिकारी के विरूद्ध निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया। ज्ञापन के द्वारा उक्त थानाधिकारी, सुखराम चोटिया महिला थाना, चूरू व अधिनस्थ कर्मचारी राजू साहरण के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। इस दौरान हरदिन राम जाखड़, कमल मोट, सुनील मिश्रा, संजय राठी, सुरेश जोया, पूर्णमल बोहरा, केशव ओझा, समंदर सिंह, अजीत सिंह, प्रकाश डुकिया, जय प्रकाश, विक्रम कुड़ी, हकीम खां, हाकम खां, हरफुल राव सहित अन्य मौजूद रहे।

पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व का मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)
पंजीकृत कार्यालय : 602, 6ठा तल, जीरो वन आईटी पार्क, क्रम सं. 79/1, घोरपड़ी, मुंधवा रोड, पुणे 411036
शाखा कार्यालय : 3सरा तल, प्रेस्टिज टॉवर, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान-302021

POONAWALLA HOUSING FINANCE

ई-नीलामी बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री सूचना सरफैसी अधिनियम के तहत प्रतिभूत अचल आस्ति की बिक्री

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदारों/सह-कर्जदारों/जमानतियों को सूचना दी जाती है कि पूर्व का मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जिसका नाम बदलकर पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ('पीएचएफएल') कर दिया गया है, के पास नीचे उल्लिखित बंधक सम्पत्तियाँ, जिसका कब्जा सरफैसी अधिनियम की धारा 13(4)/14 के तहत कम्पनी के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया था, प्रयोज्य ब्याज, प्रभारों तथा लागतों आदि सहित कम्पनी के बकायों की वसूली के लिए निम्नलिखित शर्तों के अनुसार ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री की जायेगी।
सम्पत्ति की बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 एवं 9 के तहत ''जहाँ है जैसे, जो कुछ भी है वहीं है तथा उपचार रहित आधार'' पर की जा रही है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट ***www.poonawallahousing.com*** में प्रावधानित लिंक का संदर्भ लें।

प्रस्ताव सं. ग्राहक का नाम (A)	मांग सूचना की तिथि तथा बकाया राशि (B)	कब्जे की प्रकृति (C)	सम्पत्ति का विवरण (D)	आरक्षित मूल्य (E)	ईएमडी (आरपी का 10%) (F)	ईएमडी जमा करने की तिथि (G)	वृद्धि राशि (H)	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय (I)	नीलामी की तिथि एवं समय (J)	ज्ञात ऋणभार/ कोर्ट केस यदि कोई हो (K)
ऋण सं. HF/ 0052/H/ 20/100511 भारत नायक (कर्जदार) गीता देवी (सह-कर्जदार)	सूचना की तिथि : 12.09.2022 कुल बकाया : रु. 1110731.12/- (रुपये ग्यारह लाख दस हजार सात सौ इकतीस एवं बारह पैसे मात्र) तिथि 12-सित.-22 को देय वसूली तक 9.5 % वार्षिक ब्याज सहित	**भौतिक**	प्लॉट नं. ए-13, स्कीम मंगलम सिटी, ग्राम हथोज कलवार रोड, जयपुर, राजस्थान, माप 199.75 वर्ग गज, यूनिट/फ्लैट नं. जी-2, भूतल, आशीर्वाद अपार्टमेंट-III, प्लॉट नं. ए-13, स्कीम मंगलम सिटी ग्राम हथोज कलवार रोड, जयपुर, राजस्थान में स्थित। माप 560.83 वर्ग फीट	रु. 11,77,743/- (रुपये ग्यारह लाख सतहत्तर हजार सात सौ तैंतालीस मात्र)	रु. 1,17,774/- (रुपये एक लाख सत्रह हजार सात सौ चौहत्तर मात्र)	09.02.2023 को 5 बजे अप. से पूर्व	10,000/-	03.02.2023 (11 बजे पूर्वा. से 4 बजे अप.)	10.02.2023 (11 बजे पूर्वा. से 2 बजे अप.)	निल

क्रय तथा विक्रय सम्बन्धी विवरण तथा पूछताछ के लिए सम्पर्क करें, श्री इकबाल आलम +91 9958195453

इच्छुक बोलीदाताओं से आग्रह है कि शाखा में जाकर नीलामी की संपत्ति निरीक्षण करें तथा प्रभारों, अधिभारों की जानकारी प्राप्त करें। क्रेता स्वयं पूछताछ करें तथा अतिरिक्त प्रभारों, अधिभारों तथा सभी दृष्टियों पर किसी भी तृतीय पार्टी के हितों की जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। सभी सांविधिक बकाए जैसे संपत्ति कर, बिजली बकाये तथा संपत्ति से जुड़ी अन्य बकाए, यदि कोई हो, का भुगतान सफल बोलीदाता/संभावित क्रेता को ही करना होगा। उनके स्वयं के हित में बोलीदाता/संभावित क्रेताओं से अनुरोध है कि अपनी बोली जमा करने से पूर्व उपरोक्त के संदर्भ में तथा संपत्ति से संबंधित अन्य विवरणों के विषय अपने स्वयं के हित में जांच करके संतुष्ट हो लें।

इच्छुक बोलीदाताओं/क्रेताओं को अग्रिम में ई-बोली के लिए स्वयं को अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना होगा तथा नीचे उल्लिखित नीलामी सेवा प्रदाता के वेब पोर्टल ***https://DisposalHub.Com*** पर ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा तथा लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, #203, 2सरा तल, श्री श्याम पैलेस, सेक्टर 4 एवं 5, क्रॉसिंग, रेलवे रोड, गुरुग्राम 122 006 (सम्पर्क नं. **+91 93100 29933/ +91 98100 29926/ +91 124 4 233 933),** सम्पर्क क्लाइंट सर्विस डेलीवरी (सीएसडी) सेल नं. (मो.) **+91 93100 29933/+91 98100 29926** (दूरभाष) **+91 124 4 233 933.** ई-मेल आईडी : ***CSD@DisposalHub.Com*** से प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक बोलीदाता/क्रेता को 09.02.2023 तक ''पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'', बैंक आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खाता नं. **000651000460;** आईएफएससी कोड : **ICIC0000006,** 20, आर.एन. मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001 की खाता में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी) की राशि जमा करनी होगी। वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात इच्छुक बोलीदाता/क्रेता को संविदा दस्तावेज की प्रतियाँ अपलोड, ई-मेल करनी होगी और स्व-सत्यापित प्रति अधिकृत प्राधिकारी, श्री संजय ओझा, पता : 3सरा तल, प्रेस्टिज टॉवर, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान-302021, मोबाइल नं. **7665017573,** ई-मेल आईडी : ***sanjay.ojha@poonawallahousing.com*** के पास भेजनी होगी।

स्थान : जयपुर
दिनांक : 04.01.2023

अधिकृत प्राधिकारी पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व का मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं. 0141-2570653 (RNI No. RAJHIN/2004/12833)**